आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 22.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कल सुबह श्री विजय पुरम के पुलिस लाईन और कार–निकोबार में स्मृति परेड का आयोजन किया गया।
- क्षेत्रीय संपर्क योजना – उड़े देश का आम नागरिक–आर. सी. एस. उडान के कल आठ वर्ष पूरे हो गये हैं।
- प्रादेशिक सेना में विभिन्न पदों के लिए द्वीपसमूह में भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा।
- राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत कल रंगत में खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- श्री विजयपुरम में चार से अट्ठारह नवम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कल सुबह श्री विजय पुरम के पुलिस लाईन में स्मृति परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सिंधु पिल्लई ने शहीदी पुस्तिका से पुलिस के सभी शहीदों सहित होमगार्ड लीला देवी के नाम को पढ़ा गया। पुलिस कर्मियों की देश के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और सर्वोच्च बलिदान के सम्मान में हर वर्ष इक्कीस अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इसी दिन उन्नीस सौ उनसठ में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीनी सैनिकों के घात लगाकर किये गये हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दस जवान शहीद हो गए थे। पिछले एक वर्ष के दौरान देशभर की पुलिस बलों के कुल दो सौ सोलह कर्मियों ने सेवा के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए लद्दाख में राष्ट्रीय स्मारक शहीद वेदी की स्थापना की गई है। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस की ओर से कानून व्यवस्था बनाए रखने और निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा में अपना बलिदान देने वाले शहीदों को सम्मानित किया। स्मृति दिवस के सिलसिले में पुलिस विभाग की ओर से इक्कतीस अक्तूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। परेड में पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, अवकाश प्राप्त पुलिस उप–अधीक्षक और शहीदों के परिजनों ने वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

उधर, कार–निकोबार में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग और पुलिस रेडियों के कर्मियों के साथ मिलकर बहादुर शहीदों को अपनी श्रद्धाजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सन्नी गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम पुलिस कर्मियों द्वारा ड्यूटी के दौरान किए गए वीरतापूर्ण बलिदानों की याद दिलाता है।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय संपर्क योजना – उड़े देश का आम नागरिक –आर. सी. एस. उडान के कल आठ वर्ष पूरे हो गये हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने इक्कीस अक्टूबर दो हजार सोलह को इस योजना का शुभारंभ किया था। उड़ान योजना देश के ऐसे क्षेत्रों में यात्रा सुधार पर केंद्रित है, जहां हवाई वायु यातायात संचालित नहीं हो रहा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके अंतर्गत सत्ताईस अप्रैल दो हजार सत्रह को पहली विमान सेवा का उद्घाटन किया था। योजना के शुभारंभ के बाद से, छः सौ से अधिक उड़ान मार्गों का संचालन किया गया है और एक करोड़ चौवालीस लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की है। इससे हवाई यात्रा सुविधा बढ़ाने में योजना की सफलता का पता लगता है। यह योजना अब तक देश भर के चौंतीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जोड़ चुकी है। योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र में दो हेलीपोर्ट के अलावा दस हवाई अड्डे भी चालू किये गये हैं। उड़ान योजना न केवल टियर–दो और टियर–तीन  शहरों को दूरदराज तक कनेक्टिविटी प्रदान कर रही है, बल्कि पर्यटन क्षेत्र में प्रमुख योगदान दे रही है। यह योजना हवाई कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास को गति देकर कई हवाई अड्डों के लिए गेम चेंजर बन गई है।

<><><><><><><>

प्रादेशिक सेना में विभिन्न पदों के लिए द्वीपसमूह में भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। नेताजी स्टेडियम में चार नवम्बर से दस नवम्बर तक बिहार और मद्रास बटालियन के लिए यह रैली चलेगी। बिहार बटालियन के लिए चार से सात नवम्बर तक और मद्रास बटालियन के लिए आठ से दस तारीख तक सुबह छः बजे से रैली का आयोजन किया जाएगा। अट्ठारह से बयालीस वर्ष के उम्मीदवार इसमें भाग ले सकते हैं। उम्मीदवारों का आठवीं पास होना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा एम. एस. सी. वनस्पति विज्ञान के छात्रों के लिए पहचान नामकरण और हर्बेरियम तकनीक के आधार पर पौधों का वर्गीकरण विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का कल समापन हो गया। कार्यक्रम में क्यारी के निदेशक डॉ. ई. वी. चाकुरकर मुख्य अतिथि थे तथा जे. एन. आर. एम के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ दीपोन शर्माह सम्माननीय अतिथि थे।

अपने संबोधन में डॉ. चाकुरकर ने इस प्रकार की कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला। दीपोन शर्मीह ने इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण विभाग की प्रशंसा की। कार्यक्रम के आरंभ में अपर निदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लालजी सिंह ने उपस्थिति का स्वागत किया और कार्यशाला पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षणार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यशाला में विद्यार्थियों के अलावा विभिन्न विभागों के प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक उपस्थित थे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में चार से अट्ठारह नवम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

भारत संचार निगम लिमिटेड की ओर से कैम्पबेल–बे में सोलार पावर युक्त पांच नए टावर स्थापित किए जाएंगे। यह टावर सेना छावनी से लेकर इंदिरा प्वाइंट तक लगाई जाएगी। यह टावर बिना बिजली के भी कार्य करेगी।

उधर, रसोई गैस सिलेण्डर की अनियमित आपूर्ति को देखते हुए स्थानीय उपभोक्ताओं ने कल सी.सी.एस. भवन के समक्ष शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। खंड विकास अधिकारी शेखर राय ने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि शक्ति जहाज के सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है और पन्द्रह दिनों के भीतर सिलेण्डर की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार शतरंज संघ द्वारा आयोजित अण्डर–फिफटीन सब–जूनियर चेस चैम्पियनशिप का कल समापन हो गया। इसमें कुल एक सौ पचास खिलाडियों ने भाग लिया, जिसमें लडकों में जे. एस. विराट, जबकि लडकियों में डी. चारवी ने प्रथम स्थान हासिल की। लडके और लडकियों की श्रेणी के सभी शींष चार खिलाडी दो से ग्यारह नवम्बर तक तमिलनाडु के होसुर में होने वाले उनचासवे राष्ट्रीय  सब–जूनियर शतरंज चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे।

<><><><><><><>

डीब्रेट में शैक्षणिक सत्र– दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए एफ ओ ओ, एफ. पी. ओ. और डी एच एम सी टी के कुछ सीटे रिक्त है। उम्मीदवार जो पहले कॉमन कॉलेज पोर्टल पर आवेदन नहीं कर सके और अब डीब्रेट में प्रवेश पाना चाहते है।वे उम्मीदवार आज सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

रिक्त पडे सीटों पर प्रवेश के लिए परामर्श आज ही दोपहर दो बजे से होगी। उम्मीदवार जो पहले आवेदन कर चुके हैं, वे भी इस परामर्श में भाग ले सकते हैं। सीटे पहले आओं पहले पाओं के आधार पर आबंटित की जाएगी।

उधर, स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट ग्रेड तीन के तहत लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच का कार्य किया जाएगा। उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ पच्चीस अक्तूबर को सुबह साढ़े नौ बजे से स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>